# 8 लोगो को अनुकंपा नियुक्ति एवं 19 हितग्राहियों को आवास आबंटन किया गया

**भिलाईनगर।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी एवं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह के उपस्थिति में 8 लोगो को अनुकंपा नियुक्ति पत्र एवं 19 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन के आदेशानुसार निकाय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु गठित छानबीन समिति बैठक दिनांक 28.07.2025 अनुसार अनुकंपा नियुक्ति की गई है ।कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों की मृत्यु होने पश्चात उनके पत्नि या बच्चे को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान है। नगर निगम भिलाई में कार्यरत नियमित कर्मचारी जिनका पूर्व में किसी कारणवश मृत्यु हो गया है। उनके स्थान पर उनके परिवार के 8 लोगो इन्द्राणी चंद्राकर को समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड–02, हर्षवर्धन दुबे, हर्षवर्धन श्रीवास, मोहम्मद वसीम, सबीता बाघमारे, रेखा महिलांग, मंजू बाई मानिकपुरी, अमिषा घनघोरकर को भृत्य के पद में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। इन सभी को प्रशिक्षण पश्चात अलग–अलग विभागों में दायित्व सौंपा जाएगा। पीएम आवास योजना मोर मकान–मोर आस एवं मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत आवासों का निर्माण किया गया है। किरायेदारी के रूप में निवासरत नागरिको से आवास हेतु आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसका जिला स्तरीय समिति से सक्षम स्वीकृति पश्चात मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करने वाले 21 हितग्राहियों को लाटरी में शामिल होने सूचना पत्र दिया गया था। जिसमें से कुल 19 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया है। स्थल कृष्णा इंजीनियरिग कालेज के पीछे खम्हरिया 02 मकान, सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया 08 मकान, वंदे मातरम कुरूद 09 मकान कुल 19 आवासों का आबंटन किया गया है। आवास आबंटन के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वीनिता वर्मा, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, थलेश्वर जोशी, सी.एल.टी.सी. किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

